News सिटी चीफ

वर्ष-16, अंक-53
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

ज्ञान एक ऐसा दीपक है जो आपके जीवन में प्रकाश फैलाता है।

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, गुरुवार, 29 मई 2025

### प्रशांत किशोर ने सीएम पर फिर बोला हमला

# कहा.. नीतीश कुमार शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ

पटना- बिहार में विधानसभा का चुनाव होने में अब कुछ महीने बाकी रह गए हैं लेकिन सियासत काफी तेज हो चली है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को एक बार फिर सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की कानून-व्यवस्था की स्थिति इसलिए खराब हो रही है, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ''शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ'' हो गए हैं।

**4 से 5 ब्यूरोक्रैट और चाटुकार मंत्री बिहार को चला रहे**

प्रशांत किशोर ने सीवान में आयोजित एक रैली से इतर संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि राय को ''4 से 5 नौकरशाहों और उतने ही चाटुकार मंत्रियों'' द्वारा चलाया जा रहा है। किशोर ने कहा, ''सीएम नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति ऐसी है कि उन्हें अपनी कैबिनेट के सहयोगियों के नाम तक याद नहीं हैं। परंतु, वह सत्ता का आनंद लेना



जारी रखे हुए हैं, क्योंकि बिहार में शिक्षक या पुलिस कांस्टेबल बनने के लिए चिकित्सा जांच उत्तीर्ण करना जरूरी है, लेकिन मुख्यमंत्री पर ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। इन परिस्थितियों में, अपराध दर में बढ़ोतरी कोई आश्चर्य की बात नहीं है।''

**नीतीश कुमार के साथ प्रशांत किशोर का पुराना संबंध**

प्रशांत किशोर का नीतीश कुमार के साथ पुराना संबंध रहा है। किशोर ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रचार अभियान में मदद की थी और इसके बदले में उन्हें मुख्यमंत्री के सलाहकार का पद मिला था, जो कैबिनेट मंत्री के बराबर का दर्जा प्राप्त था। कुमार की अध्यक्षता वाली जदयू में 2018 में किशोर को शामिल किया गया और कुछ ही हफ्तों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर पदोन्नत कर दिया गया, लेकिन दो साल बाद मुख्यमंत्री के साथ विवाद होने पर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गय

### आरोपी को फांसी की मांग

# मुजफ्फरपुर में मासूम से दुष्कर्म व हत्या की कोशिश पर फूटा जनाक्रोश

**मुजफ्फरपुर**, मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र में हुई दिल दहला देने वाली घटना ने जिले ही नहीं, पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। बीते सोमवार की शाम एक 11 वर्षीय मासूम किशोरी के साथ दुष्कर्म और उसके बाद हत्या की नीयत से गला रेतने की वारदात को लेकर आमजन का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। देर शाम को सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया और कुढ़नी थाना पहुंचकर आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग की।

**मासूम से दरिंदगी की सारी हदें पार**

जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम आरोपी रोहित सहनी ने किशोरी को लालच देकर अपनी साइकिल पर बैठाया और एक सुनसान जगह पर ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। इस जघन्य अपराध के बाद आरोपी ने उसे मारने की नीयत से गले पर चाकू से वार कर दिया। गनीमत रही कि बच्ची की



जान किसी तरह बच गई और उसे एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां वह जीवन-मृत्यु से जूझ रही है।

**आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी गुस्सा कायम**

घटना की खबर फैलते ही इलाके में तनाव का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने पहले आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रोहित सहनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बावजूद इसके, लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। शाम को लोगों ने मशालों और कैंडल के साथ आक्रोश मार्च निकाला, थाने का घेराव किया और जोरदार नारेबाजी की।

**फांसी की सजा की मांग पर अड़े लोग**

प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक आरोपी को फांसी की सजा नहीं मिलती, आंदोलन जारी रहेगा। लोगों ने कहा कि इस कांड की गूंज पूरे देश में सुनाई देनी चाहिए ताकि कोई भी दरिंदा दोबारा ऐसा करने की हिम्मत न जुटा सके। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने 'रोहित को फांसी दो' और 'न्याय चाहिए' जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

**प्रशासन ने दिया कड़ी कार्रवाई का आश्वासन**

घटना के बाद ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने मीडिया को बताया कि यह अमानवीय कृत्य अत्यंत निंदनीय है और पुलिस हर हाल में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि मामले में स्पीडी ट्रायल कराया जाएगा और जल्द से जल्द न्यायालय से सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।

**राजनीतिक दलों ने भी जताया आक्रोश**

इस वीभत्स घटना को लेकर राजनीतिक दल भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रतिनिधि संजय पासवान ने कहा कि कुढ़नी की यह घटना केवल एक क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतावनी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा मिले ताकि देश के किसी कोने में कोई और बेटी ऐसी दरिंदगी की शिकार न हो।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पहली बार पीएम आ रहे हैं बिहार

## सामाजिक संगठक करेंगे उनका स्वागत

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार बिहार आ रहे हैं। उनके आने को लेकर पटना की जनता में काफी उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार में दो दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा में बनने वाले बड़े एयरपोर्ट का शिलान्यास कार्यक्रम शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए विभिन्न स्थलों पर मंच व्यवस्था एवं जनसमूह की तैयारी की गयी है। पटना की जनता भी उनके स्वागत के लिए पूरे उत्साह के साथ बेसब्री से इंतजार कर रही है।

इस संबंध में पथ निर्माण मंत्री एवं भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार का यह ऐतिहासिक दौरा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री 29-30 मई को ज्ञान और समृद्ध परंपराओं की भूमि बिहार पधार रहे है। प्रधानमंत्री जी के स्वागत में पूरा शहर मोदीमय हो गया है। उनके स्वागत में पटना एयरपोर्ट से लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यालय तक कुल 32 मंच बनाये गये हैं। यह मंच एयरपोर्ट, केंद्रीय विद्यालय, जेडी वुमेंस कॉलेज, चिड़िया घर, राजवंशी मोड, हनुमान मंदीर, पुनाईचक, हड़ताली मोड, पटना वुमेंस कॉलेज, इंकॉम टैक्स समेत अन्य जगहों पर बनाया गया है।

पथ निर्माण मंत्री एवं भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि करीब 25 से अधिक सामाजिक संस्थानों द्वारा अलग-



अलग मंच से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जायेगा। इसमें बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, लायंस इंटरनेशनल, रोटरी इंटरनेशनल, श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति, श्री श्री महाशिवरात्री महोत्सव शोभा यात्रा समिति, चिन्तामणि दिव्यांग फाउण्डेशन, आशियाना नगर मैनेजमेंट कमिटि, दधीची देहदान समिति, पाटलिपुत्रा सर्राफा संघ, आर्शिवाद सेवा समिति, मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पाटलिपुत्र सर्राफा संघ, पाटलिपुत्र व्यवसायी संघ, श्री दशहरा समिति ट्रस्ट, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, न्यू मार्केट डुकंदर कल्याण समिति, बिहार फ्लाई ऐश प्रिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, अहिरवाड़ सेवा समिति, श्री श्री राम नवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति, ठाकुरबाड़ी व्यवसायी संघ, दधीचि देह दान समिति, खेतान मार्केट ओनर्स एसोसिएशन, मगध मोटर्स स्पोर्ट्स क्लब, आशियाना नगर प्रबंधन समिति, श्री पटना गुजराती समाज, श्री जैन श्वेताम्बर संघ समेत अन्य सामाजिक संगठन मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जी के स्वागत में कई राय के कार्यकर्ताओं भी मौजूद रहेंगे।

पथ निर्माण मंत्री एवं भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने देश को गौरवान्वित किया है। ऐसे में उनके स्वागत के लिए पटनावासियों में इस बार गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ग्लोबल लीडर हैं। उनका नेतृत्व और उनके प्रयासों से भारत ने दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐसे में मैं सभी से आग्रह करता हूं कि भारी से भारी संख्या में अपने घरों से बाहर निकलें और इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनें।

# ट्रक में भीषण आग, पटना में 25 बाइकें जलकर राख

पटना, बिहार के पटना के नदी थाना क्षेत्र में टेढ़ी पुल के पास 28 मई 2025 को एक बड़ा हादसा हो गया. मैसूर से आई टीवीएस कंपनी की 89 नई बाइकों से लदे एक कंटेनर ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों ने घंटों मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 24 से 25 बाइकें जलकर राख हो चुकी थीं. इस हादसे में ट्रक ड्राइवर मोहम्मद इमाम (उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी) बुरी तरह झुलस गया. उसे गंभीर हालत में पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. बताया जा रहा है कि ट्रक टेढ़ी पुल के पास एक गोदाम में बाइकों को अनलोड कर रहा था. 89 में से 60-65 बाइकें उतारी जा चुकी थीं, तभी शॉर्ट सर्किट से आग भड़क गई. देखते ही देखते ट्रक धू-धू कर जलने लगा. पास में ही पेट्रोल पंप होने से खतरा और बढ़ गया था, लेकिन पुलिस और फायर ब्रिगेड ने तेजी दिखाकर बड़ा हादसा टाल दिया. पुलिस के मुताबिक, आग से करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है. नदी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गोदामों की सुरक्षा और बिजली व्यवस्था की जांच की मांग की है,

### पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन 29 मई को उद्घाटन

# बिहटा में सिविल एन्क्लेव की आधारशिला भी रखेंगे पीएम

बिहार की राजधानी पटना और इसके पास स्थित बिहटा क्षेत्र को हवाई यातायात के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को पटना एयरपोर्ट के अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और बिहटा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव की आधारशिला रखेंगे। कुल 2613 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स से बिहार के हवाई संपर्क को नई मजबूती मिलेगी और यह राय के आर्थिक विकास, पर्यटन और व्यापार को नई गति देगा।

पटना, जो गंगा नदी के किनारे बसा ऐतिहासिक नगर है, बिहार की राजधानी है। वहीं बिहटा, पटना से 30 किलोमीटर पश्चिम स्थित एक उभरता हुआ उपग्रह शहर है। बिहार की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को समर्पित इन दोनों हवाई अड्डों के विकास से यहां आने-जाने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही यह परियोजनाएं राय की आर्थिक संरचना में मजबूती लाएंगी।

**पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की विशेषताएं**

1200 करोड़ रुपये की लागत से बने पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 65,150 वर्ग मीटर है। यह भवन एक समय में 3000 यात्रियों (1500 आगमन और 1500 प्रस्थान) की क्षमता रखता है और प्रति वर्ष एक करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम है। टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए 64 चेक-इन काउंटर, नौ ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम (ञ्त्रक्र), पांच एरोब्रिज और चार कन्वेयर बेल्ट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 11 विमानों की



पार्किंग के लिए एप्रन और 1100 कारों की क्षमता वाला मल्टीलेवल कार पार्किंग भी तैयार किया गया है।

बिहटा हवाई अड्डे पर बनने वाला नया सिविल एन्क्लेव 68,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रस्तावित है, जो 2047 तक प्रति वर्ष 50 लाख यात्रियों और एक समय में 3000 यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। इसमें 64 चेक-इन काउंटर, 16 सेल्फ चेक-इन किओस्क, 10 ञ्त्रक्र, पांच एरोब्रिज और छह कन्वेयर बेल्ट की सुविधा दी जाएगी। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मल्टीलेवल कार पार्क, सर्विस ब्लॉक जैसे सहायक भवनों का भी निर्माण किया जाएगा।

**स्थानीय कला और संस्कृति से प्रेरित डिजाइन**

पटना और बिहटा एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन की वास्तुकला में बिहार की पारंपरिक स्थापत्य शैली, मिथिला कला और ऐतिहासिक प्रभावों का समावेश किया गया है। साथ ही इन भवनों को ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय सततता को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें इंसुलेटेड रूफिंग, एलईडी लाइटिंग, ताप नियंत्रण वाली ग्लेजिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया गया है।

पटना टर्मिनल के लिए 4-स्टार और बिहटा के लिए 5-स्टार *GRIHA* रेटिंग का लक्ष्य रखा गया है।

**बिहार को मिलेंगे व्यापक लाभ**

इन दोनों परियोजनाओं से पटना और उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, पर्यटन और निवेश को नई दिशा मिलेगी। इससे राय में शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक क्षेत्रों में नई संभावनाएं उभरेंगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा।

हवाई यातायात के इस विस्तार से बिहार न केवल देश के भीतर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा। यह पहल भारत के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पटना और बिहटा के हवाई अड्डे भविष्य में देश के सबसे महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर सकते हैं, जिससे भारतीय विमानन क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूती मिलेगी।